Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start classes in Kendriya Vidyalaya, Narsinghgarh, Rajgarh district, Madhya Pradesh-laid.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): भारत सरकार द्वारा नवीन शिक्षा नीति देश को दी गई है एवं देश अब वैश्विक शैक्षणिक स्पर्धा की ओर अग्रसर है देश नवीन शिक्षा नीति के अनुसार भारत में शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक विकास सुधार के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं शिक्षा मंत्री जी धन्यवाद देता हूँ।

मेरे जिले में एक नवीन केंद्रीय विद्यालय नरसिंहगढ़ स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन आज के दिनांक तक कक्षाओं का संचालन नहीं हो पाया है ।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि यदि केंद्रीय विद्यालय, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश में आगामी नवीन सत्र से संचालित किया जाता है तो नरसिंहगढ़ क्षेत्र में निवासरत क्षेत्र वासियों को केंद्र सरकार द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए एक नवीन संस्था प्राप्त होगी ।